आज

महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा 'नाबार्ड'

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की परियोजना 'गौरी' का किया उद्घाटन

महिला को सम्मानित करतीं डीएम डा. रोशन जैकब।

(आज समाचार सेवा)

चौबेपुर, 28 नवम्बर। महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने का कार्य कर रहा है नाबार्ड। सरकारी विभागो को चाहिए कि वह नाबार्ड से सीख लें। उक्त बात आज जिलाधिकारी डा.रोशन, जैकब ने नाबार्ड द्वारा शुरू की गई अति महत्वाकांक्षी परियोजना गौरी का चौबेपुर विकास खण्ड परिसर में आयोजित किए गए कार्यक्रम में शुभारम्भ करते हुए कही। कार्यक्रम में महिलाओं ने भारी सख्या में पहुंच कर शुरू की गई गौरी योजना की विस्त्रत जानकारी नाबार्ड अधिकारियो द्वार हासिल की। डी.एम.डा.रोशन जैकब द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया जिसके पश्चात गौरी परियोजना का शुभारम्भ किया गया। नाबार्ड अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को बुके भेट कर सम्मानित किया गया वही महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर डा.रोशन जैकब ने उपस्थित महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि नाबाड४ की इस योजना में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए जिससे समाज में उच्चतम स्थान को प्राप्त कर सके। इस मौके पर ग्रुप की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए उत्साहवर्धन किया। इसके पूर्व नाबार्ड के क्षेत्रीय महाप्रबन्धक दलजीत सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नाबार्ड विभिन्न कार्यक्रमों एवं परिजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास के उद्देश्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होने ने बताया कि समूहों के द्वारा गौरी नाम की परियोजना को अजीविका मिशन से जोड़ा गया है। जिसमें ४०-५० समूहों के सदस्य शामिल होगें तथा अगरबत्ती उद्योग इस परियोजना का प्रथम चरण है। नाबाड द्वारा २१० किसान क्लब सचांलित किए जा रहे है। कार्यक्रम में उ.प्र.ग्रामीण बैंक तथा बैंक आफ बड़ौदा के द्वारा २८२.७२ लाख रूपये का श्रण गृपों को वितरित किया गया। वित्तिय साक्षरता के लिए मैजिकशो का भी प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम में सस्था के अध्यक्ष शौरभ गुप्ता आशुतोष विश्वकर्मा आर.के.श्रीवास्तव श्रेत्रीय प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा शशी प्रभा, अपूर्व कुमार जिला सहकारी बैंक महा प्रून्धक ए.के.श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय संदीप कुमार खण्ड विकास अधिकारी कृपाराम राजपूत आदि के अलावा स्थानीय बैंकों के शाखा प्रबन्धक मौजूद रहे।

कानपुर । शनिवार । 29 नवंबर 2014 अमर उजाला

महिलाओं को स्वावलंबी बनाएगी 'गौरी'

नाबार्ड की परियोजना जिलाधिकारी ने शुरू की

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की 'गौरी' परियोजना की शुरुआत डीएम डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को चौबेपुर विकास खंड में की। इसके तहत 40-50 स्वयं सहायता समूह गठित किए जाएंगे।

अगरबत्ती उत्पादन की जानकारी दी जाएगी। नाबार्ड ने स्वयं सहायता समूह के गठन और संचालन का काम नाट्स संस्था को दिया है। इस संस्था ने प्रौढ़ सतत शिक्षा एवं प्रसार विभाग सीएसजेएम विश्वविद्यालय को साथ जोड़ा है। इस डिपार्टमेंट के मास्टर ऑफ एक्सटेंशन एंड रूरल डेवलपमेंट के स्टूडेंट्स मैथा ब्लाक के चार गांवों (रवींद्रपुरम, इंदिरा नगर, बस्ता कालोनी, तिलियानी) में काम करेंगे।

कोआर्डिनेटर डॉ. उपमा श्रीवास्तव ने बताया कि रूरल टेक्नोलॉजी पार्क पर भी काम होगा। इस मौके पर नाबार्ड के महाप्रबंधक दलजीत सिंह, नाट्स संस्था अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, आशुतोष विश्वकर्मा, आरके श्रीवास्तव, अपूर्व कुमार, एके श्रीवास्तव, डॉ. संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

29.11.2014 अमर उजाला कॉम्पैक्ट

महिलाओं को मजबूत करेगी 'गौरी'

कानपुर। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की 'गौरी' परियोजना की शुरूआत डीएम डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को चौबेपुर विकास खंड में की। इसके तहत 40-50 स्वयं सहायता समूह गठित किए जाएंगे। अगरबत्ती उत्पादन की जानकारी दी जाएगी।

नाबार्ड ने स्वयं सहायता समूह के गठन और संचालन का काम नाट्स संस्था को दिया है। संस्था ने प्रौढ़ सतत शिक्षा एवं प्रसार विभाग सीएसजेएम विश्वविद्यालय को साथ जोड़ा है। मास्टर ऑफ एक्सटेंशन एंड रूरल डेवलपमेंट (एमईआरडी) के स्टूडेंट्स मैथा ब्लाक के चार गांवों (रवींद्रपुरम, इंदिरा नगर, बस्ता कालोनी, तिलियानी) में काम करेंगे। ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत सहित तमाम परियोजनाओं की जानकारी देंगे। कोऑर्डिनेटर डॉ. उपमा श्रीवास्तव ने बताया कि रूरल टेक्नोलॉजी पार्क पर भी काम होगा। इससे पहले गौरी परियोजना की शुरूआत करते हुए डीएम ने कहा कि इससे माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जा सकता है। इस मौके पर नाबार्ड के महाप्रबंधक दलजीत सिंह, नाट्स संस्था के अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, आशुतोष विश्वकर्मा, आरके श्रीवास्तव, शशि प्रभा, अपूर्व कुमार, एके श्रीवास्तव, डॉ. संदीप सिंह, मानु पटेल, नीरज सोनकर मौजूद रहे।